तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 यादवों के अन्य वर्गों में विवाह को मिलेगी मान्यता...



14 एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ गोमती ..



# जल जीवन मिशन में सुस्ती पर कलेक्टर सख्त, 26 ठेकेदारों को नोटिस

## कलेक्टर ने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्ष सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर गहन चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जिले में (मल्टी विलेज स्कीम) एवं (सिंगल विलेज स्कीम) के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर घर नल से जल के लक्ष्य को प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होने पर जोर दिए वही 30 दिसंबर 2025 के उपरांत प्राप्त आवंटन राशि एवं किए गए भुगतानों के अनुमोदन पर विस्तार से चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भुगतान प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता एवं नियमानुसार सुनिश्चित की जाए तथा लंबित देयकों का शीघ्र निराकरण किया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत कवरेज मद में किए जाने वाले देयकों के भुगतान हेतु अनुमोदन प्रदान करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जिन योजनाओं का भौतिक ▶▶| शेष पेज 12 पर



### विद्युत संयोजन की समस्या पर निर्देश

जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में डिमाण्ड नोट का भुगतान किए जाने के बावजूद विद्युत संयोजन अप्राप्त है, उन पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर सुश्री ममगाई ने विद्युत विभाग के साथ समन्वय कर तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का संचालन प्रभावित न हो। 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदर्शित की जाने वाली विभागीय योजनाओं की झाँकी के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि झाँकी में जल जीवन मिशन की उपलब्धियों, हर घर नल जल योजना एवं जनभागीदारी को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया जाए।

## खबर संक्षेप

### व्यापमं 1 फरवरी को लेकर शिक्षक पात्रता परीक्षा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 1 फरवरी को छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन दो पाली में किया जा रहा है। प्रथम पाली (प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 12,096 तथा द्वितीय पाली (माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन हेतु) में लगभग 26,171 अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापम के जिला नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा से मिली जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जारी किए गये निर्देशों का पालन हेतु परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेवें, ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को कोई असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फिस्किंग (फ्रीस्किंग) एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। फुटविर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

### धारदार हथियार लेकर धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोगों को धारदार हथियार लेकर डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चन्द्रा मौर्या अण्डर ब्रिज के पास युवक अपने हाथ में धारदार चाकू रखकर आने जाने वालों को धमकाकर डराने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शांति नगर निवासी प्रमोद टण्डन को पकड़ा गया। आरोपी के हाथ से धारदार हथियार भी जब्त किया गया।

### राज्यपाल से मुलाकात बीएसपी के विषय पर चर्चा

**भिलाई।** भिलाई कैन डू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा नेता अतुल पर्वत रायपुर लोकभवन पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनका आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही भिलाई से जुड़े भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों को लेकर और रिटेंशन और 1500 से ऊपर परिवार जो इस समय इस समस्या के शिकार हैं। उनको लेकर सार्थक चर्चा की और पूरे विषय से उन्हें अवगत कराया। राज्यपाल रमन डेका ने कहा और इसके लिए उद्योग मंत्री इस्पात मंत्री व भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक से चर्चा करेंगे।

## ओपीडी बंद कर सड़कों पर उतरे स्वास्थ्यकर्मी

# अस्पताल में महिला डॉक्टर से बदसलूकी पर बवाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार की रात महिला डॉक्टर व महिला नर्सों के साथ गाली गलौज और धमकी देने का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और आरोपी युवकों को समझाकर रवाना किया।

घटना का वीडियो वायरल होते ही स्वास्थ्य विभाग में आक्रोश फैल गया। पीड़ितों तो अपने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। ऐसी स्थिति में अब भारी तनाव और दहशत के मौहाल में कर्मचारी कार्य करने में असहज महसूस करने लगे और रात 10 बजे ओपीडी के साथ अस्पताल में ताला लगा दिया गया। आज सुबह ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के साथ सैकड़ों की संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए थाना परिसर पहुंचे, जहां पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में घटना की जानकारी दी गई। ड्यूटी में तैनात महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखा साहू ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया बुधवार को आपातकालीन ड्यूटी के दौरान एक दुर्घटना का केस आया था। कंडीशन बहुत खराब थी, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। कागज तैयार किया जा रहा था, तभी बबलू साहू साजा निवासी आया और 108 में कॉल नहीं लग रहा है कि बात करते हुए गंदी-गंदी गालियां देते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना से पूरे स्टाफ नर्स काफी दहशत में आ गए। घटना का वीडियो कैमरे में कैद हुआ, जिसमें धमकी देने व बदतमीजी साफ नजर आ रही है। घटना से पूरा स्टाफ भयभीत है।

■ पुलिस कार्रवाई से कर्मी संतुष्ट नहीं, देर रात पहुंचे थाना, बढ़ा तनाव

मामले पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बार-बार अस्पताल में हो रही ऐसी घटनाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग में जमकर आक्रोश देखा गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया। गिरफ्तारी नहीं होने पर संघ द्वारा पूरे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था बंद करने का बात कही गई।

### गुरुवार को दिनभर बंद रही ओपीडी

घटना के विरोध में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने एक सुर में काम नहीं करने का ऐलान कर दिया, जिसके चलते दिनभर ओपीडी बंद रहा। शहर में अस्पताल खुलने के बाद यह पहली घटना है, जब चिकित्कों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर ओपीडी बंद रही। घटना की सभी ने कड़ी निंदा की।

### देर रात थाना पहुंची मितानिनें

थान खमरिया, परपोड़ी, देवकर के साथ मितानिन भी घटना की शिकायत करने थाने तक पैदल मार्च किए। पुलिस की कार्रवाई से कर्मचारी संतुष्ट नहीं थे। देर शाम पूरा अमला फिर थाने पहुंचा। समाचार लिखे जाने तक मामला तनाव मे हैं। रात ड्युटी में सुरक्षा की मांग की गई।

## सीईओ का औचक निरीक्षण, अपूर्ण मकानों को जल्द पूरा करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत आनंदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए जिला पंचायत बेमेतरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंडावी तथा जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिप्ति मंडावी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पूर्ण एवं अपूर्ण आवासों की स्थिति का अवलोकन किया तथा अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर आवास पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर उन्हें शासन की मंशा से अवगत कराते हुए समय-सीमा में आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत आनंद गांव के सरपंच चंदन नायक ने अधिकारियों को हितग्राहियों के घरों तक ले जाकर प्रधानमंत्री आवासों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया।

सरपंच द्वारा आवास निर्माण में आ रही समस्याओं की जानकारी भी साझा की गई। जिस पर अधिकारियों ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया।

## गांव की गलियां बनीं नर्क, कीचड़ और गंदे पानी के बीच जीने को ग्रामीण मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत देवादा के वार्ड क्रमांक 6 में जलभराव और कीचड़ की गंभीर समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

■ मूलभूत समस्या पर जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से बढ़ा आक्रोश

गांव की मुख्य गलियों में गंदा पानी जमा होने से दुर्गंध फैल रही है और हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि पानी घरों के दरवाजों तक पहुंच गया है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पंचायत प्रशासन को दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। केवल आश्वासन देकर मामले को टाला जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को कीचड़ भरी गलियों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## नागरिकों को नालसा योजनाओं व कानूनी सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ग्राम पंचायत खंडसरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय तक सरल और सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना रहा।

■ ग्राम खंडसरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

शिविर के दौरान बैनर प्रदर्शन एवं पाम्फलेट वितरण के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा संचालित वर्ष 2025 की योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें सूचना एवं पारदर्शिता पहल, न्याय जागरूकता तथा यूनिट जागृति जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल रहीं। उपस्थित नागरिकों को बताया गया कि इन योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। निःशुल्क कानूनी सहायता व लोक अदालत की जानकारी शिविर में नागरिकों ▶▶| शेष पेज 12 पर




## रांका-कटिया में एनएच पर चक्काजाम, 3100 रुपए एकमुश्त भुगतान व समय-सीमा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पंजीकृत किसानों की धान खरीदी नहीं होने और राज्य सरकार की नीतियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को जोरदार आंदोलन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्राम रांका कटिया में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने किया। चक्का जाम के पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

■ कांग्रेस का धान संग्राम : कठिया समिति में 3625 क्विंटल और कीरतपुर समिति में 6316 क्विंटल धान का टोकन अब भी बाकी

ज्ञापन में कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय किसानों से वादा किया गया था कि उनका पूरा धान खरीदा जाएगा, लेकिन धान खरीदी की अंतिम तिथि में महज दो दिन शेष रहने के बावजूद जिले में बड़ी संख्या में किसानों का धान अब तक सोसायटियों में नहीं खरीदा गया है।



कांग्रेस ने मांग की कि जब तक सभी पंजीकृत किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा जाता, तब तक धान खरीदी की प्रक्रिया बंद न की जाए और धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाई जाए। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा किसानों का जो रकबा काटा गया है, उसे तत्काल जोड़ा जाए और उन किसानों का भी धान खरीदा जाए, जिन्हें इस निर्णय के कारण वंचित किया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि भाजपा ने चुनाव पूर्व एक और बड़ा वादा किया था राज्य में सरकार बनने पर किसानों को 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार बनने के बाद आज तक यह वादा पूरा नहीं किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट मांग की कि किसानों को अविलंब 3100 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार शुरू से ही किसानों और आम जनता को धोखा देती आ रही है। उन्होंने कहा, "हम पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि जिस तरह से धान खरीदी की लिमिट तय की गई है, उसमें तय समय पर सभी किसानों का धान खरीदना संभव नहीं है। आज हमारी बातें सच साबित हो रही हैं। भाजपा केवल वोट लेने में विश्वास रखती है, वोट के बाद उसे किसानों, गरीबों और आम जनता से कोई सरोकार नहीं रहता।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने ▶▶| शेष पेज 12 पर

### टोकन नहीं कटने से किसानों में दिखा आक्रोश

धान खरीदी की समय-सीमा 30 जनवरी को समाप्त हो रही है, लेकिन अब भी कठिया और कीरतपुर समितियों के माध्यम से लगभग 9 हजार क्विंटल धान की खरीदी शेष है, जिसका टोकन अब तक नहीं कट पाया है। किसानों ने ट्रैक्टरों में धान रखकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों के समर्थन में कांग्रेस पार्टी भी धरना स्थल पर पहुंची और चक्का जाम में शामिल हुई। किरितपुर के किसान परमानंद पॉल ने बताया कि वे ढाई माह से समिति और अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन टोकन नहीं कटा, जिससे मजदूरों और मशीनों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। खमरिया के किसान पारिख साहू ने कहा कि टोकन के अभाव में रबी फसल भी प्रभावित हो रही है, वहीं सिंचाई को लेकर किसानों पर कार्रवाई की धमकी दी जा रही है। रांका के किसान इकबाल नियाज़ी ने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण बार-बार समिति आना संभव नहीं, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। जानकारी के अनुसार कठिया समिति में 3625 क्विंटल और कीरतपुर समिति में 6316 क्विंटल धान का टोकन अब भी बाकी है। किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए जिला खाद्य अधिकारी को मौके पर पहुंचकर स्थिति स्पष्ट करनी पड़ी। किसानों का आक्रोश धान खरीदी के साथ-साथ बिजली और सिंचाई समस्याओं को लेकर भी देखने को मिला।

## बेमेतरा डाइट में बालवाड़ी प्रशिक्षण का प्रथम चरण 2 फरवरी से

# 347 केंद्रों के शिक्षकों को दी जाएगी नई शिक्षा नीति की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में शासन की महत्वपूर्ण योजना बालवाड़ी प्रशिक्षण के प्रथम चरण का आयोजन 2 एवं 3 फरवरी को किया जाएगा। डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे ने बताया कि यह प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत 19 जनवरी को एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ था, किंतु परिषद के निर्देशानुसार प्रशिक्षण को तत्काल प्रभाव से रोकना पड़ा था, जिससे पहले चरण में केवल एक दिन का ही प्रशिक्षण संभव हो सका। इसी कारण अब पहले चरण का शेष प्रशिक्षण 2 व 3 फरवरी को दो दिवसीय रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में वही शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होंगे, जिनके नाम पहले चरण में दर्ज हैं तथा जिन्होंने एक दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही वे प्रशिक्षार्थी भी शामिल होंगे, जो पहले चरण में अनुपस्थित रहे थे लेकिन जिनका नामांकन किया गया था। इस संबंध में सभी विकासखंडों के बीईओ एवं बीआरसी को आदेश जारी कर दिया गया है। डाइट प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में केवल उन्हीं विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को भेजा जाएगा, जहां बालवाड़ी संचालित है, तथा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रथम चरण में जिले के चारों विकासखंडों से 40-40 कुल 160 शिक्षक-शिक्षिकाएं भाग लेंगे। वहीं द्वितीय चरण का आयोजन 4 फरवरी से 6 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय होगा, जिसमें भी प्रत्येक विकासखंड से 40-40 शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होंगी। बालवाड़ी प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। प्राचार्य श्री घृतलहरे ने बताया कि ऑफलाइन प्रशिक्षण से पूर्व सभी बालवाड़ी शिक्षक-शिक्षिकाओं का चार दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण भी संपन्न कराया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि बालवाड़ी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना है। इसके अंतर्गत बच्चों में अच्छी आदतों का विकास, सुनने एवं बोलने के कौशल को सुदृढ़ करना, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास तथा पूर्व प्राथमिक से प्राथमिक स्तर में सहज संक्रमण पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### प्रशिक्षण से पहले होगा प्री टेस्ट

यह प्रशिक्षण पूर्णतः गतिविधि आधारित होगा, जिसमें बच्चों की आयु, रुचि एवं सीखने के स्तर के अनुसार समूह बनाकर कार्य कराया जाएगा। भाषा की समझ, मौखिक अभिव्यक्ति, कहानी सुनना, वार्तालाप, प्रश्न-उत्तर तथा सामाजिक परिवेश से जुड़ाव पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों के लिए सुबह चाय-नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की व्यवस्था रहेगी। यह प्रशिक्षण स्वैच्छिक रूप से आवासीय होगा। प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व प्री-टेस्ट भी लिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में शीतल बैस, विधि शर्मा एवं भूपेंद्र कुमार साहू अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में वर्तमान में कुल 347 बालवाड़ियां संचालित हैं।

**मौत:** मृतका के परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाया लापरवाही का गंभीर आरोप

# जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान युवती की संदिग्ध मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले का जिला चिकित्सालय कवर्धा अपनी तथा कथित लापरवाही के चलते एक बार फिर आरोपों के घेरे में है। आरोप है कि यहां डायलिसिस के लिए लाई गई एक 19 वर्षीय आदिवासी युवती की मौत हो गई।

इस घटना के बाद जहां मृतका के परिजनो ने ड्युटी में तैनात चिकित्सक पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए है वहीं इस पूरे मामले की जांच व दोषी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर जमकर हंगामा भी किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम चरखुरा निवासी भगवती धुर्वे पिता रामचंद्र धुर्वे आयु 19 वर्ष की तबियत खराब होने के बाद परिजनो द्वारा जिला अस्पताल लाया गया था, जहां युवती का डायलिसिस किया जाना था।

आरोप है कि डायलिसिस कक्ष में ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, इसके बावजूद युवती को डायलिसिस मशीन से बीच में ही हटा दिया गया। पिता और परिजनों का कहना है कि डायलिसिस की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही युवती को मशीन से बाहर निकाल दिया गया और उसी दौरान दूसरे मरीज को डायलिसिस के लिए ले जाया गया। इस बीच भगवती की हालत अचानक बिगड़ गई, लेकिन समय पर उसे ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं कराया गया। ऑक्सीजन की कमी के चलते उसकी स्थिति और गंभीर हो गई और उसकी मौत हो गई।

### अस्पताल में परिजनों का हंगामा, तनाव के हालात



बताया जाता है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीज भगवती धुर्वे की मौत की जानकारी मिलते ही उसके परिजन और ग्रामीण अस्पताल परिसर में एकत्र हो गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। परिजन रो-रोकर बदहवास नजर आए और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जिससे अस्पताल परिसर में तनाव का माहौल बन गया। उन्होने ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग शासन-प्रशासन से की है। हालांकि अभी तक इस मामले और आरोपों पर अस्पताल प्रशासन की और से कोई बयान सामने नहीं आया है।

# सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई



- 4 वाहन जब्त, स्कूली वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में संचालित बसों एवं वैनों की अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले 14 स्कूली वाहनों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 54,800 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र के संचालित पाए गए 4 वाहनों को जब्त किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित स्कूली वाहन सुरक्षा दिशा-निर्देशों के पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। जिला परिवहन अधिकारी मोहन साहू ने बताया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन वाहन स्वामियों एवं स्कूल संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों से अपील की कि वे अपने वाहनों में निर्धारित सुरक्षा उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्विशर, स्पीड गवर्नर, सीसीटीवी (जहां आवश्यक), जीपीएस, निर्धारित रंग-कोड, स्कूल नाम पट्टिका एवं प्रशिक्षित चालक-परिचालक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने की अधिकारियों की नियुक्ति

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने एसआईआर 2026 के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया संदीप ठाकुर और विधानसभा क्षेत्र 72-कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा चेतन साहू को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही दोनो विधानसभा के लिए 36 सहायक रजिष्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है।

### संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ आज से

**कवर्धा।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत विकासखंड बोड़ला में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ 30 जनवरी 2026 को किया जाएगा। यह अभियान 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और पशुधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निर्धारित 6 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों को 100 प्रतिशत हासिल करना है। नीति आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के सहयोग से विकासखंड बोड़ला की 125 ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर कार्य किए जाएंगे। जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार पोयाम ने बताया कि शुभारंभ के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग मिलकर अपनी योजनाओं के माध्यम से नीति आयोग के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रयास शुरू करेंगे। इससे क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को सीधा लाभ पहुंचेगा और स्थानीय समुदायों का समग्र विकास सुनिश्चित होगा।

# निर्वाचक नामावली को लेकर मुस्लिम जमात का ज्ञापन 29 परिवारों के नाम पर दावा-आपत्ति का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में निर्वाचक नामावली से जुड़े एक मामले को लेकर मुस्लिम जमात स.लोहारा के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया गया कि दावा-आपत्ति के आधार पर जिन 29 परिवारों के नाम मतदाता सूची से विलोपित करने की प्रक्रिया शुरू हुई है, उसका निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित निराकरण किया जाए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 अंतर्गत नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में निवासरत 29 व्यक्तियों के नाम हटाने के उद्देश्य से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीते 22 जनवरी 2026 को प्रारूप-7 में दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई। यह आवेदन मुख्य नगर पंचायत अधिकारी, सहसपुर लोहारा के समक्ष जमा किया गया है। मुस्लिम जमात के पदाधिकारियों का कहना है कि जिन व्यक्तियों के विरुद्ध दावा-आपत्ति लगाई



गई है, वे सभी लंबे समय से क्षेत्र के स्थायी निवासी हैं तथा उनके पास निवास, पहचान एवं अन्य आवश्यक वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसके बावजूद उनके नाम मतदाता सूची से हटाने की कार्यवाही प्रारंभ होना चिंता का विषय है। प्रतिनिधियों ने कहा कि मताधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूल अधिकार है, इसलिए किसी भी प्रकार की कार्रवाई तथ्यों के प्रत्यक्ष सत्यापन और नियमानुसार सुनवाई के बाद ही की जानी चाहिए। ज्ञापन में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुए मांग की गई कि संबंधित परिवारों को व्यक्तिगत रूप से सुनवाई का अवसर दिया जाए और मौके पर सत्यापन कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए। जमात के सदस्यों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच की अपेक्षा जताई। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर नियमानुसार जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन के साथ दावा-आपत्ति से संबंधित सूची भी संलग्न की गई है। अब यह मामला निर्वाचन नियमों के तहत जांच एवं सुनवाई के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से बसीर मेमन, अब्दुल मजीद खान, मोहम्मद अली, इमरान बेग, रोशन वैष्णव, संतोष झारिया, इमरान खान, महाराणा प्रताप निषाद, धन्ना नागराज, राजू मलिक, जावेद अली सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

### कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयनित



**कवर्धा।** 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हैंडबॉल बालक वर्ग सोमनाथ गुजरात में गत 27 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकडमी के 4 खिलाड़ी शामिल है। इन चयनित खिलड़ियों में संदीप यादव दिशा पब्लिक स्कूल, शेख इमाम हमजा सेजस नवीन, रवियांशु साहू, सेजस नवीन तथा श्रीराज निर्मलकर सेजस नवीन शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का मुकाबला चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, आंध्र प्रदेश की टीम के साथ होना है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कवर्धा के जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप गोविलकर, सहायक संचालक एमके गुप्ता, सहायक संचालक युआर चंद्राकर, सहायक संचालक जीडी पात्रा, वरिष्ठ पीटीआई दिनेश साहू, पीटीआई अजय साहू ,हैंडबॉल कोच मोहम्मद गनी खान, नंद कुमार साहू एवं हैंडबॉल के समस्त सीनियर खिलाड़ी उदय साहू, प्रह्लाद, इस्राइल, सोहम चंद्राकर, कनक माली, प्रियंका बर्वे ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही उम्मीद जताई है की टीम में शामिल जिले के खिलाड़ी 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता हैंडबॉल बालक वर्ग प्रतियोगिता में शासनदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित करेंगे।

### भारतीय किसान संघ ने की धान खरीदी समय सीमा बढ़ाने की मांग



**कवर्धा।** भारतीय किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाने को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट की। इसके पूर्व किसान संघ ने 16 जनवरी को सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा था। संघ ने ज्ञापन में कहा था कि वर्तमान खरीदी प्रक्रिया में प्रशासन द्वारा किसानों पर अनावश्यक दबाव बनाकर रकबा समर्पण कराया जा रहा है, जिस कारण किसान आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। किसानों के टोकन आदि पर ज्ञापन सौंपा था। आज तक सरकार के आंकड़ें के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में लगभग डेढ़ लाख किसान धान बेचने से वंचित हैं। खरीदी केंद्रों पर टोकन नहीं मिलना, नमी, भुगतान से जुड़ी समस्याएं लगातार सामने आना, भुगतान हेतु बहुत से किसानों को 15 दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से मुलाकात में स्पष्ट किया कि किसानों को खरीदी केंद्रों पर बेवजह परेशान न किया जाए। धान की गुणवत्ता के नाम पर मनमानी कटौती बंद हो। जिन किसानों का धान अब तक नहीं खरीदा गया है समय सीमा बढ़ाकर उनकी शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए। भुगतान प्रक्रिया को सरल व समयबद्ध बनाया जाए। किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल की बात सुनने के पश्चात मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया की किसान हित में फैसला लिया जायेगा।

# सहारा समूह में फंसी ग्रामीण उपभोक्ताओं की जमा पूंजी

## बोड़ला-चिल्फी के उपभोक्ता भटक रहे, प्रशासन मौन

- उपभोक्ताओं ने की जल्द से जल्द राशि दिलाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

सहारा समूह में वर्षों की मेहनत की कमाई जमा कराने वाले बोड़ला विकासखंड के चिल्फी एवं आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब तक उनकी जमा राशि नहीं मिल पाई है।

पॉलिसी अवधि पूरी होने के बावजूद भुगतान न होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं के अनुसार सहारा अभिकर्ता यह कहकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं कि जिनकी पॉलिसी 31 मार्च 2023 तक पूरी हुई है, केवल उन्हीं का भुगतान फिलहाल किया जा रहा है। इसके बाद परिपक्व हुई पॉलिसियों को अगले चरण में डाल दिया गया है, लेकिन उस चरण की कोई स्पष्ट तारीख या सरकारी सूचना सामने नहीं आई है।

बताया जाता है कि चिल्फी, बोड़ला व आसपास के गांवों में सहारा में निवेश करने वाले अधिकांश उपभोक्ता किसान, मजदूर और बुजुर्ग हैं। कई लोगों ने इलाज, बच्चों की पढ़ाई और कृषि कार्यों के लिए यह राशि जमा की थी। भुगतान न मिलने के कारण लोग कर्ज लेने को मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे लगातार अपनी जमा पूंजी पाने के लिए सहारा कार्यालयों और अभिकर्ताओं के संपर्क में हैं, लेकिन हर बार केवल मौखिक आश्वासन ही दिया जा रहा है। न तो भुगतान की लिखित समय-सीमा बताई जा रही है और न ही प्रशासन की ओर से कोई समाधान शिविर लगाया गया है।

### प्रशासन की भूमिका पर खड़े किए जा रहे सवाल

यह मामला अब केवल एक कंपनी तक सीमित नहीं रह गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन के पास पीड़ित उपभोक्ताओं की सूची है?, भुगतान प्रक्रिया की निगरानी कौन कर रहा है? ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए अब तक क्या कदम उठाए गए? ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सहारा में फंसी जमा राशि की जांच, सूचीकरण और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन और ज्ञापन का रास्ता अपनाएंगे।

### फगुवा की तैयारी...



**कवर्धा।** बसंत पंचमी से अंचल में गाड़े गए होली के डांड दे रहे हैं फगुवा आने की सूचना।

### जल जीवन मिशन में सुस्ती ...

कार्य पूर्ण हो चुका है, उनके भुगतान में अनावश्यक विलंब न किया जाए। जल जीवन मिशन अंतर्गत किराये पर लगाए गए वाहनों की आगामी 01 वर्ष की अवधि वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा की गई एवं आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया गया, ताकि क्षेत्रीय निरीक्षण एवं कार्यों की मॉनिटरिंग सुचारु रूप से की जा सके। उपखण्ड स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला, साजा के लिए आवश्यक CRM एवं केमिकल उपकरणों को GEM Portal के माध्यम से क्रय करने के प्रस्ताव पर चर्चा कर अनुमोदन प्रदान किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जल गुणवत्ता परीक्षण को नियमित एवं प्रभावी बनाया जाए।

**धीमी प्रगति वाले ठेकेदारों पर सख्ती:** बैठक में धीमी प्रगति वाले कार्यों के संबंध में संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी किए जाने की जानकारी दी गई। जिन ठेकेदारों को नोटिस दिया गया, उनमें आशी कंस्ट्रक्शन, ऐरान वितरण, अर्पिता कंस्ट्रक्शन, बी.एन. मिश्रा, बाबा नरसिंह कंस्ट्रक्शन, चंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी, डीएनएस इन्फ्रा, कमलेश नाहटा, करण मिश्रा, कृष्णा पासवर्ड, माँ विन्ध्यवासिनी गुड़ फैक्ट्री, मुकेश मार्केटिंग, मुंडेर इलेक्ट्रिकल्स, नैना कंस्ट्रक्शंस, राम कृष्ण ओझा, रेखचंद अग्रवाल, रुद्रांश अर्थमूवर्स, एसडी कंस्ट्रक्शन, एसएजी एंड कंपनी, साहू फ्लाई ऐश ईंटें, सर्वेश कंस्ट्रक्शन कंपनी, सर्वेश छलरचना परियोजना एवं आपूर्तिकर्ता, श्री राम कंस्ट्रक्शन, श्री श्याम कंसल्टिंग इंजीनियर्स, शुभम ट्रेडिंग कंपनी, यश ट्रेडिंग कंपनी शामिल हैं। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में प्रगति नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

## पेज 11 के शेष

### नागरिकों को नालसा ...

को नालसा की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क कानूनी परामर्श, लोक अदालत की प्रक्रिया तथा टोल-फ्री नंबर 15100 के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त करने की सुविधा की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अधिकार मित्र पंकज घृतलहरे, तरुण आनंद, धरमू बारले एवं टूवेंद्र वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने ग्रामीणों को उनके मौलिक एवं कानूनी अधिकारों, विवादों के त्वरित समाधान तथा न्यायिक प्रक्रियाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में समझाईं। शिविर के माध्यम से ग्राम खंडसरा के नागरिकों को न्याय से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त हुई, जिससे वे भविष्य में अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान आसानी से कर सकेंगे और अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हो सकेंगे।

### रांका-कटिया में...

किसानों की मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया, तो कांग्रेस इससे भी बड़ा आंदोलन करेगी और सरकार को विवश करेगी कि वह किसानों के एक-एक दाने का धान खरीदे। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से ललित विश्वकर्मा, कविता साहू, प्रांजल तिवारी, रवि परगनिहा, सुमित राजपूत, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड, सुशीला जोशी, चंद्रप्रकाश साहू, झम्मन बघेल, राजू साहू, सिद्धिक खान, विजय बघेल, सनत धर दिवान, सुमन गोस्वामी, जोगेंदर छाबड़ा, महावीर साहू, राजेंद्र वर्मा, विजय रात्रे, शिव वर्मा, शुभम गंधर्व, दीपक दिनकर, जावेद खान, मनोज शर्मा, राजकुमार बंजारे, उमेश साहू, रूबी सलूजा, योगिता साहू, लक्ष्मण साहू, अजय राज सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे। कुल मिलाकर कांग्रेस ने इस आंदोलन के जरिए स्पष्ट संकेत दिया है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो सड़क से सदन तक संघर्ष और तेज किया जाएगा।

### गांव की गलियां बनीं ...

से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले जनप्रतिनिधि अब गांव की सुध लेने तक नहीं आ रहे हैं। यदि शीघ्र ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमलता पद्माकर से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। वहीं ग्राम पंचायत देवादा के सरपंच ने बताया कि गांव में नल-जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य पीएचई विभाग द्वारा किया जा रहा है, जिसके चलते अस्थायी रूप से गलियों में पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि सड़क के नवनिर्माण के लिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी गई है और समस्या के शीघ्र समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# पंडरिया थाना क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ और स्थायी वारंटियों पर की गई सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया



जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पंडरिया पुलिस ने विगत 15 दिनों में अवैध शराब, जुआ तथा फरार आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंडरिया भूपत के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया गया। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना पंडरिया पुलिस ने आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कुल 08 प्रकरण दर्ज किए। इन मामलों में 08 आरोपियों से कुल 26 लीटर 820 मिलीलीटर अवैध शराब जप्त की गई। साथ ही शराब के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को भी जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। जुआ एवं सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों पर अकुंश लगाने के लिए की गई कार्रवाई में जुआ एक्ट के अंतर्गत 02 अलग-अलग प्रकरणों में कुल 07 जुआरियों से 15,420 रुपए नगद जप्त किए गए। इसके अतिरिक्त न्यायालयीन आदेशों के पालन एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना पंडरिया पुलिस ने कुल 11 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया।

## खबर संक्षेप

### राम के आदर्शों को अपनाएं: भाटिया

**छुरिया।** बड़गांव, परेवाडीह, बहोरनभेड़ी, खपराभांठ, गैंदाटोला में गत दिनों श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। समापन मौके पर मुख्य अतिथि अतिथि जगजीत सिंह भाटिया थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। कार्यक्रम में कांता प्रसाद साहू शामिल हुए। इस दौरान श्री भाटिया ने कहा कि श्रीराम केवल अयोध्या के राजा नहीं थे, बल्कि वह सत्य, धर्म, करुणा और त्याग के प्रतीक थे। श्रीराम का जीवन सिखाता है कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। इस अवसर पर महेश मंडावी, टीकम साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कबीर सत्संग समारोह आज से

**पटेवा।** इरईकला के कबीर आश्रम में आगामी 30 जनवरी से 1फरवरी तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में संत अभय साहेब कहलगांव, संत अचल साहेब करखड़ी संत मंडली के साथ शामिल होंगे। भजन प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10.30 बजे से 1.30 बजे और दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

### अवैध शराब बिक्री पर अंकुश नहीं

**चारभांठा।** गांव में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अमला प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। गांव के भीतर और आसपास के इलाकों में कच्ची और महुआ शराब की बिक्री हो रही है, जिससे माहौल खराब हो रहा है। सूत्रों के अनुसार गांव में अवैध शराब की सप्लाई तय ठिकानों से नियमित रूप से हो रही है। समय, जगह और नेटवर्क तय होने के बावजूद आबकारी और पुलिस विभाग केवल औपचारिकता निभाता नजर आ रहा है। नशाखोरी बढ़ने के बाद भी न छापेमारी हो रही है और किसी प्रकार की कार्रवाई होते दिखाई दे रही है। आशंका है कि यह धंधा प्रशासनिक संरक्षण में संचालित हो रहा है।

### शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव 31 को

**टेडेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में 24 वाँ वार्षिक उत्सव का आयोजन आगामी 31 जनवरी को रखा गया है। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता महापौर मधुसूदन यादव करेंगे। कार्यक्रम में सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत, रोहित चंद्राकर, गंगादास वैष्णव, तिलक सिन्हा, निमेश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। भैया बहनों द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### बैठक में दवा खरीदी का प्रस्ताव

**छुरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंदाटोला में जीवनदीप समिति की बैठक जनपद अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में श्री सिन्हा ने में कहा कि जब स्वार्थ बढ़ते जा रहा है, तब जीवन दीप समिति निस्वार्थ भाव से सेवा, प्रेम कर रही है। समिति के सदस्य बिना दिखावे के समाज हित में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रबंधन की मांग पर दवा, उपकरण खरीदी का प्रस्ताव पारित किया गया।

**कथा :** ठेलका में श्रीमद्भागवत का दिव्य प्रवाह, कालिंगी भारती ने समझाया संतोष का महत्व

# चिंता नहीं संतोष अपनाएं, दिव्य दृष्टि से ही होंगे ईश्वर के दर्शन : कालिंगी भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा



ग्राम ठेलका में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान सुश्री कालिंगी भारती जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को जीवन में संतोष और चिंता के बीच का अंतर स्पष्ट करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग चिंता और असंतोष में अंतर नहीं समझ पाते और इसी वजह से अपने स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचाते हैं। कथा में उन्होंने चिंता और चिंता के वास्तविक अर्थ और परिभाषा समझाई। उन्होंने बताया कि लोग अनावश्यक चिंता करते-करते अपने शरीर का विनाश कर देते हैं। उदाहरण स्वरूप उन्होंने कहा कि अत्यधिक चिंता से बाल झड़ना, आंखों की समस्या, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं।

सुश्री कालिंगी भारती ने श्रद्धालुओं को बताया कि जितनी चादर है, उतनी ही फैलाओ। इसका अर्थ है कि व्यक्ति को अपनी सीमाओं और संसाधनों के अनुसार जीवन जीना चाहिए और दूसरों से तुलना करके अपने मन को व्यर्थ की चिंता में नहीं डालना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने निचले स्तर के लोगों से तुलना करें, तो हम पाएंगे कि संतोष और जीवन के प्रति संतुलन को बनाए रखना संभव है। कथा के माध्यम से उन्होंने उपस्थित लोगों को यह सिखाया कि संतुष्ट रहना केवल मानसिक शांति नहीं देता, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता भी बनाए रखता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में चिंता को कम करें और जितना संभव हो, संतोष और समझ के साथ जीवन व्यतीत करें। श्रद्धालु उनके प्रवचन से अत्यंत प्रभावित दिखे और उनके द्वारा बताए गए स्वास्थ्य और जीवन दर्शन के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा प्राप्त की।

### दिव्य दृष्टि के माध्यम से कण-कण में बैठे ईश्वर का अनुभव

कथा के दौरान श्रद्धालुओं को भगवान के दिव्य रूप और मानव दृष्टि की सीमाओं के बारे में महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कथा में समझाया गया कि परमात्मा कण-कण में निवास करता है, लेकिन हमारी बाहरी आंखें इसे सीधे नहीं देख सकती। कथा वाचक ने उदाहरण देकर समझाया जैसे आप ट्रेन या कार में यात्रा करते समय बाहर के दृश्य को देखने की कोशिश करते हैं, तो आँखें धोखा खा जाती हैं। ट्रेन पास से तेज़ रफ्तार से गुज़रती है, लेकिन लगता है कि आपकी ट्रेन ही चल रही है। सड़क या आसपास की चीजें भी उसी गति से दौड़ती हुई दिखती हैं, लेकिन वस्तुतः वे स्थिर होती हैं। इसी तरह, पानी में पेन या पेंसिल डालने पर वह टेढ़ा दिखाई देता है, लेकिन बाहर निकालते ही सीधा हो जाता है। यह दर्शाता है कि हमारी आंखें बाहरी दृश्य को सही रूप में नहीं देख सकतीं, तो वे कण-कण में बैठे ईश्वर को कैसे देख सकती हैं। कथा में बताया गया कि परमात्मा को देखने के लिए सुखमनी और दिव्य दृष्टि की आवश्यकता होती है, जो गुरु के माध्यम से प्राप्त होती है। जब गुरु अपने हाथ मस्तक पर रखते हैं, तो यह दिव्य ज्योति का दर्शन कराता है। इस दिव्य दृष्टि के माध्यम से भक्त अंदर बैठे ईश्वर को देख सकते हैं, और वही असली दर्शन है। श्रद्धालुओं को समझाया गया कि जैसे आरती लेने पर आंखें बंद कर हाथ सिर पर उठाते हैं, उसी प्रकार आंखें बंद करके भी अंदर की आंख से ईश्वर का दर्शन किया जा सकता है। कथा में उदाहरण देते हुए कहा गया कि अंधा व्यक्ति भी गुरु के मार्गदर्शन में ईश्वर की ज्योति देख सकता है, क्योंकि यह अनुभव बाहरी आंखों पर निर्भर नहीं करता।

### गुरु ही भगवान तक पहुंचने का मार्ग दिखाते हैं : साहू

कथा वाचक ने संतों और सत्गुरुओं की महत्ता पर बल दिया, जो कथा सुनाने के बजाय सीधे मस्तक पर हाथ रखकर दिव्य दृष्टि का अनुभव कराते हैं। उन्होंने भक्तों को प्रेरित किया कि वे ऐसे गुरु की खोज करें जो उन्हें प्रत्यक्ष अनुभव और अंतर्दृष्टि प्रदान करें। श्रद्धालु कथा सुनकर और गुरु के माध्यम से दिव्य दृष्टि के महत्व को समझकर भाव-विभोर हो गए और सभी ने ध्यान, भक्ति और श्रद्धा के साथ आरती में भाग लिया। ठेलका में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरु और भगवान के मार्ग पर चलने का महत्व बताया। विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि जैसे किसी व्यक्ति को पहली बार दूर शहर रायपुर, दुर्ग या बेमेतरा जाना हो और रास्ता न पता हो, उसे सही मार्ग गुरु के निर्देशन की तरह ही मिलता है। उन्होंने कहा कि गुरु ही भगवान तक पहुँचने का मार्ग दिखाते हैं और यही कारण है कि भक्ति और ज्ञान प्राप्त करने में गुरु की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने उपस्थित लोगों को प्रेरित किया कि रोजाना भगवान की कथा सुनें, भजन-कीर्तन करें और प्रार्थना में समय निकालें। चाहे वह पाँच मिनट ही क्यों न हो, नियमित भक्ति से मनुष्य का जीवन आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होता है। विधायक साहू ने कहा, "मनुष्य तन और शक्ति में अन्य जीवों से श्रेष्ठ है, लेकिन सही मार्ग और गुरु के निर्देशन के बिना वह अपने जीवन में भगवान का अनुभव नहीं कर सकता। गुरु का मार्गदर्शन हमें भवसागर पार करने और जीवन को सही दिशा देने में सहायक होता है। श्रद्धालुओं ने ईश्वर साहू के इस संदेश से प्रभावित होकर भक्ति और सत्संग में शामिल होने का संकल्प लिया। कथा स्थल पर भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी ने आरती, भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना में भाग लिया। साथ ही उपस्थित रहे ओमप्रकाश जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष बेमेतरा, चंद्रशेखर राजपूत, नेतराम, आदर्श जोशी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष स्वामी अखिलेसरानंद के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। मुख्य जजमान संतोष साहू, अनिता साहू, परमानंद साहू -खिलेश्वरी साहू, गौरव साहू, भार्गव साहू, दिव्य ज्योति जागृति संस्थान परिवार उपस्थित रहे।

## बीजा स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में बिखरीं सांस्कृतिक छटाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

■ विधायक ईश्वर और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना की मौजूदगी में हुआ वार्षिकोत्सव

शंकराचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीजा में 24 जनवरी को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय ईश्वर साहूजी विधायक विधानसभा क्षेत्र साजा, अध्यक्ष माननीय लाभचंद बाफना एवं विशिष्ट अतिथि माननीया खुशबू गोविंद वर्माजी उपाध्यक्ष जिलापंचायत बेमेतरा, जितेन्द्र साहूजी जनपद पंचायत अध्यक्ष साजा, सोनू पटेल सांसद प्रतिनिधि, माननीय संतोष घृतलहरेजी अध्यक्ष एसएम डीसी बीजा, सुरेश बाफना सदस्य एसएमडीसी बीजा रहे। मां सरस्वती एवं शंकराचार्य स्वरूपानंदजी के तैल चित्र में माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्राओं के द्वारा स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। संस्था के प्राचार्य सीएम साहू के द्वारा मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक बाफना का पुष्पहार से स्वागत किया गया है। संस्था के अन्य शिक्षकों द्वारा विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। पश्चात छात्रों की संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति प्रारंभ हुआ जिसमें हरियाणवी, पंजाबी, मराठी, असमिया, साउथ इंडियन, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुती हुई। अतिथियों एवं दर्शकों ने छात्रों की विभिन्न प्रस्तुतियों को तालियों की ध्वनि से नगद पुरस्कार देकर, काफी सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आकलन के पश्चात एकल नृत्य में प्रथम स्थान कु माही बंजारे एवं कु ज्ञानी को द्वितीय स्थान मिला। युगल नृत्य में कु. शीला एवं कु. मानसी को प्रथम स्थान एवं कु. रिद्धि कु. सिद्धि को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सामूहिक नृत्य में कु भावना एवं साथी को प्रथम स्थान तथा कु. विद्या एवं साथी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय के इस सत्र में विभिन्न गतिविधियों में स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में संस्था के व्याख्याता श्री एम के बारले द्वार आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री एमएस भुवाल एवं डॉ. डीके वर्मा के द्वारा किया गया।

## विज्ञान मेले में छात्रों ने प्रयोगों के जरिए समझाई भौतिकी, सूक्ष्मदर्शी रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा





गुरुवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ठेलका संकुल केन्द्र ठेलका विकास खंड -साजा मे विज्ञान मेला का आयोजन रखा गया जिसमे विद्यालय के बालक बालिकाओं ने माडल तैयार किया व अनेक प्रकार से प्रयोग करके दिखाया जिसमें अपवर्तन, परावर्तन, ध्वनि संचार, घर्षण, ऊष्मा का संचरण, संवहन आदि संकुल और आसपास संकुल के बच्चे व शिक्षक शिक्षिकाओ ने आकर विज्ञान मेला का आनंद लिया, विज्ञान मेला प्रभारी शिक्षिका लोकेश्वरी वर्मा, गजाधर लाल वर्मा, विज्ञान मेला मे प्रमुख रूप से सुक्ष्म दर्शी से सुक्ष्म जीवो को देखना यह माडल ईशा,जीतेशवरी लक्ष्मी कक्षा आठवीं ने तैयार की, चुम्बकीय पृथक्करण नोबल रोहन कोमल कक्षा छठवीं ने तैयार किया, ऊष्मा का संचरण शैल स्वाति तुमेन ने तैयार किया, घुलन शील व अघुलन शील पदार्थों की पहचान की प्रक्रिया को खुशबू कक्षा छठवी और उनके टीम ने बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया,और भी बहुत से विज्ञान मेला मे विज्ञान माडल तैयार किये थे बच्चे जो आकर्षण का विषय था सभी आस पास स्कूल से आये शिक्षक शिक्षिका ने ठेलका स्कूल और के बच्चों और शिक्षक शिक्षिका ओ की प्रसंशा किया। प्रधान पाठक चंद्रप्रकाश पावर ने इस आयोजन के लिए सबसे पहले विज्ञान मेला प्रभारी लोकेश्वरी वर्मा व गजाधर वर्मा को धन्यवाद कहा साथ ही बच्चों को आशीर्वाद देते हुए और जो बच्चे कड़ी मेहनत कर माडल तैयार किये है उन बच्चों को खुब बधाई सहित हार्दिक शुभकामनाएं कहा, और आसपास के पहुंचे शिक्षक शिक्षिकाओं को धन्यवाद कहा,साथ ही सुन्दर व्यवस्था के व्यवस्थापक के रूप मे प्रकाश ध्रुव की सराहनीय किया। विज्ञान मेला में संस्था प्रमुख चंद्र प्रकाश पवार, प्राचार्य टी,आर साहु, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विजय लक्ष्मी दीवान, बीआरसीसी खोमन साहू, संकुल समन्वयक रमेश साहू, हुमा नाज, अजिम प्रेम जी फाउन्डेशन, विज्ञान मेला प्रभारी लोकेश्वरी वर्मा, जेएल वर्मा, प्रकाश ध्रुव, अमित चालीसा, प्रमीला गजपाल, धनेश रजक, चंद्रशेखर कश्यप, तनुजा सिन्हा, मनीषा पटेल, राशि त्रिवेदी, अखिलेश निराला, राघवेन्द्र लोधी, चंद्रशेखर सेन, तोषेन्द्र डनसेना, चंदारिका निषाद, देविका जंघेल, संकुल समन्वयक सुनील राजपूत, डेमेशवरी साहू, रमेश मतावरे जनार्दन देवागन। सुर्य प्रकाश देवांगन।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी

**डोंगरगढ़।** एक्सेस बैंक के कर्मचारी उमेश गोरले द्वारा खाताधारकों से की गई ठगी का मामला शांत हुआ नहीं है और तथाकथित पत्रकार द्वारा सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।



## गणतंत्र दिवस झांकी प्रदर्शन में कृषि विभाग बेमेतरा को प्रथम पुरस्कार

**बेमेतरा।** 77वें गणतंत्र दिवस क अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित झाँकी प्रदर्शन प्रतियोगिता में कृषि विभाग द्वारा प्रस्तुत झाँकी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कृषि विभाग की यह झाँकी विषयवस्तु, प्रस्तुति एवं जनोपयोगिता की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ पाई गई। झाँकी के माध्यम से जिले में संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, उन्नत एवं आधुनिक खेती पद्धतियों, परंपरागत कृषि प्रणाली, कृषक कल्याण कार्यक्रमों तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अत्यंत आकर्षक, सजीव एवं प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। झाँकी में जैविक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि यंत्र, फसल विविधीकरण एवं किसानों के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे निर्णायक मंडल के साथ-साथ आम नागरिकों द्वारा भी विशेष रूप से सराहा गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि एवं कलेक्टर द्वारा कृषि विभाग की पूरी टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गईं। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह किसान हितैषी एवं रचनात्मक कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि विभाग बेमेतरा के उप संचालक कृषि श्री मोरध्वज डड़सेना ने इस सफलता का श्रेय विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं झाँकी निर्माण दल को देते हुए कहा कि यह पुरस्कार जिले के किसानों के कल्याण के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं टीमवर्क की पहचान है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग भविष्य में भी किसानों को नवीन तकनीकों से जोड़कर उनकी आय वृद्धि एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## ग्राम केवाछी में नवधा रामायण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ग्राम केवाछी में आयोजित अखंड नवधा रामायण का विधिवत समापन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

इस धार्मिक आयोजन में ग्राम सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। विभिन्न गांवों से आए मानस मंडलियों ने संगीतमय रामकथा के माध्यम से प्रभु श्रीराम की महिमा, आदर्श और मर्यादा का भावपूर्ण बखान किया, जिससे पूरा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्राम पंचायत और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर ग्राम सरपंच ताराचंद वर्मा की सक्रिय भूमिका रही, वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू रजक व ग्रामवासियों में अश्वनी सेन, टिकन रजक, तेजराम साहू, संतोष साहू, गणेश वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, संजय ध्रुव, लेखराम ध्रुव, राकेश ध्रुव, जयकरण साहू सहित समस्त ग्राम मौसी के नागरिकों ने रामायण समिति के माध्यम से भरपूर सहयोग प्रदान किया। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं, मानस मंडलियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

**आस्था और कला का दिखेगा संगम**

# नर्मदा मेला महोत्सव का आयोजन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

ऐतिहासिक तीन दिवसीय नर्मदा मेला महोत्सव का आगाज कल शुक्रवार को होगा। मेला महोत्सव को लेकर शासन, प्रशासन, पंचायत एवं मंदिर समिति ने लगभग अपनी तैयारी पूर्ण कर लिया है।

चकनार पंचायत स्थित नर्मदा कल से दर्शनार्थी से गुलजार रहेगा। वही आस्था और कला का संगम देखने को मिलेगा। दिन में जहां लोग कुंड स्नान, माता रानी का दर्शन एवं मेला का लुफ्त उठाएंगे। वही संध्या समय राज्य के ख्याति प्राप्त कलाकारों के प्रस्तुति से भाव विभोर होंगे। कल शुक्रवार को महोत्सव का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। अध्यक्षता विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में लाल टारकेश्वर साह खुशरों, गिरिराज किशोर दास वैष्णव, गिरवर जंघेल, निर्मला विजय वर्मा, नीना ताम्रकार, कोमल साहू, रामकुमार पटेल, शत्रुहन मन्नु चंदेल, निर्मला विजय वर्मा, मोतीलाल जंघेल, वंदना लालचंद पटेल, बिसाहु राम सिन्हा सहित अन्य सामिल होंगे। दूसरे दिन सांसद संतोष पांडेय तथा समापन पर पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन होगा।



### प्राचीन और ऐतिहासिक मेला

नर्मदा का पुन्नी मेला काफी प्राचीन और ऐतिहासिक मेला है। मंदिर के कलाकृतियों को देखकर बताया जाता है कि मंदिर का निर्माण 11 शताब्दी में नागवंशी राजाओं द्वारा कराया गया था। नर्मदा कुंड के उद्गम की भी अपनी आस्था पूर्ण पौराणिक कथा है। जो यहां के महत्व और श्रद्धा को बढ़ा देता है। सैकड़ों वर्ष पहले से यहां पुन्नी मेला का आयोजन होता आ रहा था। बीते डेढ़ दशक से इस मेला को महोत्सव का रूप दिया गया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भिलाई में राज्य कर विभाग की बैठक 29 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के राज्य कर विभाग द्वारा 29 जनवरी को दुर्ग संभाग के अधिकारियों और विभिन्न व्यावसायिक संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उक्त बैठक भिलाई के सेक्टर-5 स्थित आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता राज्य कर आयुक्त पुष्पेंद्र कुमार मीणा आईएएस और विशेष आयुक्त तरन्नुम वर्मा करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक सत्रों का विभाजन तीन चरणों में किया जाएगा। सुबह 11 से 12 बजे तक बार एवं सीए एसोसिएशन के साथ चर्चा होगी, जिसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक चेबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया जाएगा। अंतिम सत्र दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें सेंट्रल जीएसटी एवं डीजीजीआई के अधिकारी शामिल होंगे। इस समन्वय बैठक में दुर्ग संभाग के विभागीय अधिकारी, निरीक्षक और संबंधित संगठनों के अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### खंडस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक 30 जनवरी को

**दुर्ग।** खंडस्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक दुर्ग जनपद पंचायत के सभागार में 30 जनवरी को अपरान्ह 2 बजे आयोजित की गई है। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की शाखावार 30 दिसंबर 2025 तक की लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में, किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन एवं मत्स्य पालन के प्रकरणों की स्वीकृति, अस्वीकृती, आरबीआई के नियमानुसार बैंकवार कृषि ऋण कुल ऋण के 18 प्रतिशत की लक्ष्य प्राप्ति, बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड तथा पशुपालन एवं मछली पालन के तहत लंबित आवेदन प्रकरणों की स्वीकृति, अस्वीकृती, अटल पेंशन योजना की प्रगति एवं लक्ष्य प्राप्ति, जनसुरक्षा योजनान्तर्गत पीएमजेजेबीवाय, पीएमएसबीवाय में किये गये क्लेम दावा और प्रगति, रबी 2025-26 हेतु फसल बीमा के तहत किये जा रहे बीमा के संबंध में, बैंक ऑफ बडौदा प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिए जाने वाले प्रशिक्षण की जानकारी, दावा रहित जमा राशि कैंप, शिविरों की प्रगति आदि पर चर्चा की जाएगी।

### दो दिवसीय रामायण एवं लोक महोत्सव 31 को

**उतई।** श्री रामायण मानस परिवार उतई एवं ग्राम उमरपोटी के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय रामायण एवं लोक महोत्सव का आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी को किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की रामायण, जस झांकी, फाग झांकी , राउत नृत्य , पंडवानी और भरथरी की प्रस्तुति होगी। नगर पंचायत उतई के कालिका मंच में मंचन होगा उक्त जानकारी रामायण मानस परिवार उतई के अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र गोस्वामी और सचिव मुकेश साहू ने दी।

### ग्राम पंचायत कुथरेल में भक्ति का संगम आज से

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन 29 जनवरी से होने जा रहा है। विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 'श्रीराम कीर्तन' और 'पार्थिव शिवलिंग निर्माण' का भव्य आयोजन किया जाएगा।

---

**बैठक :** झेरिया यादव समाज की बैठक में शिक्षा, अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती पर बड़े फैसले

# यादवों के अन्य वर्गों में विवाह को मिलेगी मान्यता शिक्षा और अनुशासन के लिए कड़े नियम लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज की प्रदेश कार्यसमिति की एक ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाली बैठक समाज के प्रधान कार्यालय महादेव घाट, रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक चली इस मैराथन बैठक में समाज के संविधान संशोधन पर गंभीर मंथन हुआ, जिसके बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इन निर्णयों को समाज के संगठनात्मक इतिहास में एक निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

बैठक में समाज से जुड़े 22 जिला एवं महानगर इकाइयों के पदाधिकारी तथा 142 ब्लॉक, तहसील और परिक्षेत्र के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे। प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों की व्यापक भागीदारी ने बैठक को विशेष महत्व प्रदान किया। बैठक का सबसे अहम निर्णय समाज में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने से जुड़ा रहा। समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्रों को प्रोत्साहन राशि एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे समाज के विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की भावना को बल मिलेगा। महादेव घाट, रायपुर स्थित समाज के छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए जिला समितियों द्वारा 10 प्रतिशत सहयोग राशि प्रदेश समिति को प्रदान करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इससे छात्रावास संचालन को मजबूत आधार मिलेगा और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

**सामाजिक अनुशासन और संस्कारों पर सख्त निर्णय:** समाज को संगठित और अनुशासित बनाने के लिए बैठक में कई कठोर लेकिन आवश्यक निर्णय लिए गए। यादव समाज के अन्य वर्गों में विवाह को सामाजिक मान्यता देने एवं इसके लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त जन्म एवं मृत्यु संस्कार की अवधि निर्धारण, सामाजिक आयोजनों और प्रमुख पर्वों गोवर्धन पूजा एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मद्यपान निषेध, समानांतर संगठन संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध तथा अंतर्जातीय विवाह संबंधी नियमों का निर्धारण जैसे प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए।

### अप्रैल से पहले होंगे 7 पदों के चुनाव

संगठनात्मक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बैठक में संविधान की धारा 12 के अंतर्गत प्रदेश कार्यकारिणी समिति के 7 पदों का निर्वाचन अप्रैल माह से पूर्व कराए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इससे समाज में पारदर्शिता और सक्रिय नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जी.आर. यादव, प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव, प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता सुनील यादव, प्रदेश महामंत्री शिवकुमार यादव, प्रदेश संरक्षक जगत राम यादव एवं सुकालू राम यदु, प्रबंधकारिणी सदस्य आर.डी. यादव एवं रंजीत यादव, पदेन सदस्य बंशीलाल यादव, राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष आशा संतोष यादव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आकाश यादव, प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मानसाय यादव, राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पारस यादव, प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव, प्रदेश प्रवक्ता एमआर यादव, उपाध्यक्ष गिरजा शंकर यादव सहित अनेक वरिष्ठ व युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संगठन, शिक्षा और अनुशासन ही समाज की ताकत : जगनीक

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि झेरिया यादव समाज को संगठित, शिक्षित और संस्कारित बनाना उनका निरंतर लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती केवल परंपराओं से नहीं, बल्कि शिक्षा, अनुशासन, पारदर्शिता और सामाजिक एकता से सुनिश्चित होती है। उन्होंने युवाओं से समाज के नियमों का पालन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया और महिलाओं की भागीदारी को समाज की प्रगति का मजबूत आधार बताया। अंत में उन्होंने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से समाजहित में एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। जिला अध्यक्ष हेमकांत यादव ने बताया ऐतिहासिक नवागढ़ निवासी एवं झेरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष, बेमेतरा हेमकांत यादव ने बैठक को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि लिए गए निर्णय समाज को नई दिशा देंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इन प्रस्तावों के प्रभावी क्रियान्वयन से झेरिया यादव समाज प्रदेश में एक अनुशासित, शिक्षित और संगठित समाज के रूप में नई पहचान बनाएगा।

---

# भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद को लेकर घमासान, एक-दो दिन में हो सकती है घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





भारतीय जनता पार्टी की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष की घोषणा अब तक लंबित है, लेकिन सियासी गलियारों में हलचल तेज हो चुकी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरहिया एक-दो दिनों के भीतर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष की घोषणा कर सकते हैं।

- विजय वर्मा सबसे प्रबल दावेदार, मंत्री दयालदास बघेल का दबदबा बढ़ने के आसार

वहीं, इस पद को लेकर जिले में भीतरखाने जोरदार राजनीतिक खींचतान चल रही है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए भले ही आधा दर्जन से अधिक दावेदार मैदान में बताए जा रहे हों, लेकिन प्रमुख रूप से तीन नाम मजबूती से उभरकर सामने आए हैं। इनमें विजय वर्मा (नवागढ़), आयुष शर्मा (साजा) और योगेश वर्मा (बेमेतरा ब्लॉक) को प्रमुख दावेदार माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो नवागढ़ क्षेत्र से आने वाले युवा नेता विजय वर्मा मंत्री दयालदास बघेल के खेमे से जुड़े होने के कारण सबसे मजबूत और प्रबल दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं। राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि यदि विजय वर्मा को युवा मोर्चा की कमान सौंपी जाती है, तो भाजपा संगठन के साथ-साथ युवा मोर्चा पर भी नवागढ़ ब्लॉक का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। इससे जिले की भाजपा राजनीति में मंत्री दयालदास बघेल का दबदबा और अधिक मजबूत होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर, साजा विधानसभा क्षेत्र से आने वाले युवा नेता आयुष शर्मा के पक्ष में विधायक ईश्वर साहू की सिफारिश बताई जा रही है। जबकि बेमेतरा ब्लॉक से दावेदार योगेश वर्मा को लेकर चर्चा है कि सांसद विजय बघेल उनके समर्थन में जोर लगा रहे हैं। इन सबके बीच युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद को लेकर जिले के वरिष्ठ और युवा नेताओं के बीच जबरदस्त राजनीतिक रस्साकशी जारी है। हर खेमे द्वारा अपने-अपने समर्थक को अध्यक्ष बनाए जाने के लिए संगठन स्तर पर दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि जिस तरह की सूचनाएं छनकर सामने आ रही हैं, उसके अनुसार मंत्री दयालदास बघेल के क्षेत्र से आने वाले युवा नेता विजय वर्मा का नाम सबसे आगे चल रहा है और उनका जिला अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। एक भाजपा नेता ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक फरवरी तक नवनियुक्त युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी नेतृत्व अंतिम मुहर किस नाम पर लगाता है और युवा मोर्चा की कमान किसके हाथों में सौंपी जाती है, क्योंकि इस नियुक्ति का असर आने वाले समय में जिले की भाजपा राजनीति पर साफ तौर पर देखने को मिलेगा।

---

# बेरला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का उद्घाटन, नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान



**बेमेतरा/बेरला।** नगर क्षेत्र बेरला में बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर विवेक सुमित सिंह राजपूत ने बेरला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने सभी मंडल अध्यक्षों का सम्मान कर उन्हें संगठन के प्रति निष्ठा एवं जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का सच्चा सिपाही ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आम जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने विशेष रूप से किसानों एवं गरीब वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से उठाने पर जोर देते हुए कहा कि आज की परिस्थितियों में जनता को केवल कांग्रेस से ही उम्मीदें हैं और हमें उन उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। आम लोगों के बीच अपनी मजबूत पैठ बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में ललित विश्वकर्मा, कविता साहू, तोरण नायक, बल्लू सिंह राजपूत, रवि परगनिहा, सुमित राजपूत, शुभम वर्मा, रोशन दाऊ, सूर्य प्रकाश शर्मा, भारत भूषण साहू, रामेश्वर देवांगन, रासबिहारी कुर्रे, किशन साहू, प्रदीप परगनिहा, नेहा सुराणा, सविता हिरवानी, ओनी महिलांग, नवाज़ खान, टुम्मन साहू, राजेश चंदेल, पीआर सिन्हा, रामसिंग गायकवाड, चैतराम साहू, आशीष परगनिहा, टिकेंद्र परगनिहा, छम्मन यदु, लोकनाथ यादव, चेतन साहू, बलराम साहू, जितेंद्र साहू, धनराज बंजारे, नरेंद्र धीवर, श्याम बंजारे, विजय देवांगन, महावीर साहू, अमरनाथ साहू, चेतन बंजारे, राजकुमार सेन, गुडडू सेन, गोविंदा राजपूत, झगरु सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# चार विद्यालयों के 98 कैडेट्स ने दिखाया अपना कौशल व अनुशासन



**साजा।** 37 सीजी बटालियन एनसीसी, दुर्ग के तत्वाधान में साजा बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, साजा में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

परीक्षा का आयोजन दो चरणों में किया गया, जिसमें 28 जनवरी 2026 को प्रायोगिक परीक्षा तथा 29 जनवरी 2026 को लिखित परीक्षा संपन्न हुई। प्रायोगिक परीक्षा के अंतर्गत कैडेट्स का मैप रीडिंग, फ़ील्ड क्राफ्ट/बैटल क्राफ्ट, राइफ़ल एवं ड्रिल से संबंधित परीक्षण लिया गया, जिसमें कैडेट्स ने अपने प्रशिक्षण एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा के संचालन हेतु बटालियन से सूबेदार के. सी. बहेरा, हवलदार अमरीक थापा, हवलदार मुस्कान पुन उपस्थित रहे। परीक्षा का सुचारु संचालन एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार साहू, सेकंड ऑफिसर धर्मपाल वर्मा, सेकंड ऑफिसर रामचंद्र डीमर, सेकंड ऑफिसर जवाहर कुरे के मार्गदर्शन में हुआ। इस एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों से कुल कैडेट्स ने भाग लिया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठेलका से 26 कैडेट्स, साजा से 17 कैडेट्स, बेमेतरा से 17 कैडेट्स, बोरतरा से 38 कैडेट्स शामिल रहे।

परीक्षा पूर्णतः अनुशासित, शांतिपूर्ण एवं एनसीसी के निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न हुई। विद्यालय प्रबंधन एवं एनसीसी अधिकारियों ने कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास करती है।

---

# कुसमी में चैलेंजर कप का रोमांच, किसान नेता योगेश तिवारी ने खुद भी आजमाए हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




नगर पंचायत कुसमी में चैलेंजर कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन पर आयोजक नवनिकेतन क्रिकेट क्लब कुसमी एवं नगरवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों की अनेक टीमों ने भाग लिया।

इस अवसर पर योगेश तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया तथा स्वयं क्रिकेट खेलकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि कुसमी में निरंतर ऐसे आयोजनों का होना यह दर्शाता है कि यहां के युवा खेलों के प्रति जागरूक और समर्पित हैं। योगेश तिवारी ने आयोजक समिति एवं नगरवासियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। खेल से जुड़कर युवा न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं, बल्कि उनमें अनुशासन, धैर्य, प्रतिस्पर्धा की भावना और सकारात्मक सोच का भी विकास होता है। ऐसे आयोजन युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ते हुए उन्हें गलत रास्तों से दूर रखते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार की खेल नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को नई पहचान मिली है। खेलो इंडिया जैसे अभियानों से गांव-कस्बों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का अवसर मिला है। छत्तीसगढ़ की धरती खेल प्रतिभाओं से समृद्ध है और उचित मार्गदर्शन मिलने पर यहां के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना सकते हैं। प्रतियोगिता में सतीष, तिनेश कुमार, सौरभ (इंडियन नेवी), श्यामदेव, प्रकाश, प्रवीण, तिरथ, ओंकार, अमर, खिलेश्वर, आकाश, आशीष, राकेश, ओमप्रकाश, किशन यदु, जयप्रकाश, तोरण धीवर, किशन साहू सहित रविनु, रवि, शंकर, अमन, भानू, पीयूष, डागेन्द्र, मयंक, लुभांश, देवांश, गणेश, विनय, पप्पू, धनंजय, रुद्र एवं अन्य खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

---

सुयश हॉस्पिटल
Care With Confidence
NABH
1 दिसंबर से 28 फरवरी तक
निसंतान दंपतियों के लिए
नि:शुल्क परामर्श
प्रथम 15 पंजीयन में IVF/ICSI पैकेज में 20% की छूट
93000 30000
97551 62611
FOLLOW US ON
20% क्लीनिकल टेस्ट में की छूट
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य पर बीएलओ गोमती तम्बोली व मीना ठाकुर सम्मानित



**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जिले में पूरी पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ संपन्न किया गया। इस अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रोंबेमेतरा, साजा एवं नवागढ़ में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कुल 40 बीएलओ को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शहर मुख्यालय के बूथ क्रमांक 25/30 की बीएलओ गोमती तम्बोली एवं बूथ क्रमांक 29/34 की बीएलओ मीना ठाकुर को उनके सराहनीय कार्य के लिए 5000 नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं जिला पंचायत सीईओ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि बीएलओ जमीनी स्तर पर अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी समयबद्ध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina Tightening
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411